प्रेस नोट

दिनांक 11.01.2025

थाना मौदहा पुलिस ने 05 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किए।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन अपराध नियंत्रण व वांछित/ वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम थाना मौदहा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 14/2025 धारा 351(2) बीएनएस व 3/5 (1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 संशोधित अधिनियम - 2024 से सम्बन्धित अभियुक्तगण को स्टेशन तिराहे कस्बा मौदहा से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 10.01.2025 को समय करीब 02.30 बजे सुबह थाना मौदहा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अजीत कुमार पुत्र अरुण कुमार वर्मा निवासी मु0 पूर्वी तरौस बांकी तलैया बार्ड नं0-01 कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर के घर में कुछ व्यक्ति है जो धर्म परिवर्तन करा रहे है, उक्त सूचना पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर जानकारी की गई तो उर्मिला पत्नी अजीत कुमार निवासिनी मु0 पूर्वी तरौस बांकी तलैया बार्ड नं0-01 कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर के द्वारा दी गई तहरीर के माध्यम से बताया गया कि वह पिछले 02 वर्ष से अस्वस्थ है, उनकी मुलाकात नुरूद्दीन पुत्र स्व0 सकूर उर्फ बद्दू निवासी मु0 छिपटहरी मरदन नाका थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा हाल पता मु0 कसौडा मथुरा मन्दिर के पास कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर से हुई उन्होंने वादिया को अपने घर पर मजार बनाने के लिये कहा तथा दिनांक 10.01.2025 को पुनः नूरुद्दीन अपने भतीजे मेराजु हसन पुत्र अजीमुद्दीन निवासी मु0 छिपटहरी मरदन नाका थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा व खालिद पुत्र कल्लू निवासी मु0 रागौल सी0एच0सी0 के पास कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर, इरफान पुत्र युनुस खान निवासी मु0 हुसैनिया कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर, हनीफ पुत्र अच्छू साह निवासी मु0 पूर्वी तरौस बांका तलैया बार्ड नं0-01 कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर उनके घर पर आये और कमरे के कोने में बनी मजार कार्यक्रम कराकर फातिया भी पढाने लगे। वादिया के धर्म परिवर्तन करने से इंकार करने पर इन लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। प्रकरण में विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।

नाम व पता अभियुक्तगण –

1.खालिक पुत्र कल्लू (उम्र करीब 42 वर्ष) निवासी मुहल्ला रागौल सीएचसी के पास कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर
2. इरफान अहमद पुत्र मो0 यूनिश (उम्र करीब 46 वर्ष) निवासी मु0 हुसैनगंज कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर
3. मो0 हनीफ पुत्र अच्छू साह (उम्र करीब 52 वर्ष) निवासी मु0 वांकी तलैया पूर्वी तरौस वार्ड न0-01 कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर
4. नूरउद्दीन पुत्र सकूर उर्फ बुद्धू (उम्र करीब 55 वर्ष) निवासी मुहल्ला छिपटहरी थाना कोतवाली बांदा जनपद बांदा
5. मेराज उल हसन पुत्र अहसान उल हक (उम्र करीब 32 वर्ष) निवासी मुहल्ला छिपटहरी थाना कोतवाली बांदा जनपद बांदा

गिरफ्तारी करने वाली टीम –

1.उ0नि0 अभिषेक त्रिवेदी
2.का0 सुधाकर
3. का0 अवनीश कुमार
4.का0 आसिफ शेख
5. का0 मो0 नसीम